# इंडस्ट्रियल पार्क से 2.70 लाख को रोजगार

लखनऊ,विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में औद्योगिक प्रदेश बनने की ओर अग्रसर यूपी रोजगार का भी नया केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश के कई जनपदों में निवेशकों ने प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क में निवेश किया है। इनमें जो सबसे बड़े 13 पार्क स्थापित हो रहे हैं, उनके माध्यम से प्रदेश में 14,634 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ही 2.70 लाख लोगों के लिए रोजगार का भी सृजन होगा।

इनमें 2.5 लाख रोजगार तो अकेले कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से मिलने जा रहे हैं। वहीं, बागपत, बाराबंकी, बरेली, चंदौली, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, सहारनपुर और शाहजहांपुर में भी इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। बीती फरवरी में ही सरकार ने जीबीसी 4.0 के माध्यम से 10 लाख करोड़ से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं को प्रदेश भर में धरातल पर उतारा है, जिससे 34 लाख रोजगार मिलने की संभावना है।



**13** इंडस्ट्रियल पार्क प्रदेश में विकसित किए जा रहे हैं

## पशिचमांचल में भी हजारों को रोजगार मिलेगा

प्रदेश के पशिचमांचल में भी बड़े पैमाने पर इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें बीएमआर बिल्डकॉन प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. बागपत में 200 करोड़ से 30 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना कर रहा है जो 1200 लोगों के लिए नौकरियां सृजित करेगा, जबकि बागपत में ही कालिंदी एस्टेट प्रा. लि. भी 200 करोड़ से 25 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रहे हैं, जिसके तैयार होने के बाद 1430 लोग रोजगार हेतु समायोजित हो सकेंगे। इसी तरह गाजियाबाद में मल्टीविंग्स इलेक्ट्रिक एलएलपी 500 करोड़ से लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण कर रहा है। यह 800 लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करने में सक्षम होगा।

**कानपुर में बंपर नौकरियों का सृजनः** प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के मामले में कानपुर नगर सबसे बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए सबसे ज्यादा रोजगार प्रदान करने को तैयार है। यहां पर मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लि. 5850 करोड़ रुपये की लागत से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रही है। यह इंडस्ट्रियल पार्क रिकॉर्ड 2.5 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। इंडस्ट्रियल पार्क के माध्यम से सृजित हो रहे रोजगार की संख्या में यह सबसे बड़ा नंबर है।